Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

(يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا كُوْنُوْا قَوّٰمِيْنَ لِلّٰهِ شُهَدَآءَ بِالْقِسْطِ ۖ وَلَا يَجْرِمَنَّكُمْ شَنَاٰنُ قَوْمٍ عَلٰٓى اَلَّا تَعْدِلُوْا ۚ اِعْدِلُوْا ۟ هُوَ اَقْرَبُ لِلتَّقْوٰى ۖ وَاتَّقُوا

(अल्-मायदा:9)

अनुवाद : हे वे लोगो जो ईमान लाए हो अल्लाह की ख़ातिर मज़बूती से निगरानी करते हुए इन्साफ़ के समर्थन में गवाह बन जाओ। और किसी क़ौम की दुश्मनी तुम्हें कदापि इस बात पर विवश न करे कि तुम इन्साफ़ न करो। इन्साफ़ करो यह संयम के सबसे ज़्यादा निकट है ।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡد

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष- 6
अंक- 19

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly
BADAR Qadian
HINDI

मूल्य
500 रुपए
वार्षिक

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

30 रमज़ान 1442 हिज्री कमरी 13 तब्लीग़ 1400 हिज्री शम्सी 13 मई 2021 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की नसीहतें

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के तीन महान सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हु की शहादत

(1246) हज़रत अनस बिन मालिक रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लमने फ़रमाया : ज़ेद रज़ियल्लाहु अन्हु ने झंडा लिया, वह शहीद हुए। फिर जाफ़र रज़ियल्लाहु अन्हु ने उसे लिया, वह भी शहीद हुए। फिर बदुल्लाह बिन रवाहा रज़ियल्लाहु अन्हु ने उसे लिया, वह भी शहीद हुए। (आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम फ़रमाते जाते थे) और हालत यह थी कि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की आँखों से आँसू बह रहे थे । फिर हज़रत ख़ालिद ऊबन वलीद ने उसे बग़ैर सरदार होने के लिया और उन्हें फ़तह हुई।

हज़रत सय्यद ज़ैनुल आबेदीन वली अल्लाह शाह रज़ियल्लाहु अन्हु इस हदीस की तशरीह में फ़रमाते हैं कि जंग मौअता की तरफ़ इशारा है जो शाम की सरहद पर हुई। इस जंग में हज़रत ज़ैद बिन हार्सा कमांडर निर्धारित हुए थे जो आज़ाद किए गए ग़ुलाम थे आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया था कि यदि वह शहीद हो जाएं तो हज़रत जाफ़र रज़ियल्लाहु अन्हु और यह शहीद होजाएं तो हज़रत बदुल्लाह बिन रवाह रज़ियल्लाहु अन्हु कमांडर होंगे। मुस्लमानों की तरफ़ से तीन हज़ार की फ़ौज थी और दुश्मन का लश्कर एक लाख के क़रीब था। ये तीन महान सहाबी रज़ियल्लाहु अन्हु के बाद अन्य मैदान-ए-जंग में काम आए। आख़िर हज़रत ख़ालिद बिन बलीद रज़ियल्लाहु अन्हु के हाथ पर फ़तह हुई। ऊपर वर्णित तीनों सहाबा की शहादत की आँहज़रत आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने बज़रीया कशफ़ या वह्यी इलम पा कर समय से पूर्व सूचना दी। इन काबिल-ए-क़दर और मुख़लिस साथीयों की जुदाई के ख़्याल पर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की आँखों से बे-इख़्तियार आँसू जारी हो गए। (सही बुख़ारी भाग 2 पुस्तक जनायज़, प्रकाशन क़ादियान 2006)

आचरण के ठीक होने के लिए उस तरह की हस्ती पर ईमान लाना आवश्यक है। जो हर हालत और हर समय में उस के कर्मों और आचरणों और उस के हृदय के भेदों पर गवाह है।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

"कप्तान डगलस की बुद्धिमत्ता और न्याय

अत: कप्तान डगलस साहिब की बुद्धिमत्ता की तरफ़ ध्यान देना चाहिए कि जब मौलवी मुहम्मद हुसैन साहिब बटालवी ने मेरे बारे में कहा कि यह बादशाह होने का दावा करते हैं और इश्तिहार उसके सामने पढ़ा गया तो उसने बड़ी बुद्धिमत्ता से पहचाना कि ये सब उन लोगों का झूठ है और हमारे विरोधी की किसी बात पर ध्यान न किया ,क्योंकि इस में शक नहीं कि इज़ाला औहाम इत्यादि दूसरी किताबों में हमारा लक़ब (उपनाम) सुलतान लिखा है,परन्तु यह आसमानी सलतनत की तरफ़ इशारा है और सांसारिक बादशाहों से हमारा कुछ सम्बन्ध नहीं ऐसा ही हमारा नाम हक्म आम भी है। जिसका अनुवाद यदि अंग्रेज़ी में किया जाए तो गवर्नर जनरल होता है और शुरू से ये सब बातें हमारे रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की भविष्यवाणियों में मौजूद हैं कि आने वाले मसीह के ये नाम हैं। ये सब हमारे ख़िताब किताबों में मौजूद हैं और साथ ही उनकी व्याख्या भी मौजूद है कि ये आसमानी सल्तनतों की इस्तेलाहें हैं और ज़मीनी बादशाहों से उनका सम्बन्ध नहीं है। यदि हम बुराई को चाहने वाले होते तो हम जिहाद इत्यादि से लोगों को क्यों रोकते और दरिंदगी से हम सृष्टि को क्यों मना करते। अत: कप्तान डगलस साहिब अक़्ल से इन सब बातों को पा गया और पूरे-पूरे इन्साफ़ से काम लिया और दोनों पक्षों में से ज़रा भी दूसरे पक्ष की तरफ़ नहीं झुका और ऐसा नमूना इन्साफ़ स्थापित करने और सम्मान पाने का दिखलाया कि हम दिल से इच्छुक हैं कि हमारी गर्वनमेंट के समस्त सम्मान्नीय हुक्काम हमेशा इसी उच्च स्तर के न्याय के नमूना को दिखलाते रहें जो नौ शेरवां के इन्साफ़ को भी अपने कामिल इन्साफ़ के कारण से छोटे स्तर का ठहराता है और यह किस तरह हो सकता है कि कोई इस गर्वनमेंट के अमन वाले ज़माना को बुरा ख़्याल करे और इसके ख़िलाफ़ मन्सूबा षडयन्त्र बनाने की तरफ़ अपना ज़हन ले जाए।

... के ज़माने में मुसलमानों पर अत्याचार

ये हमारे देखने की बातें हैं कि .... के ज़माना में मुसलमानों को कितना कष्ट होता था। केवल एक .. के संयोग से ज़िबह किए जाने पर ... ने छ: सात हज़ार आदमियों को तलवार से मार

शेष पृष्ठ 12 पर

समस्त नाकामियों की जड़ हिम्मत हार देना है

जो व्यक्ति निश्चित रूप से और सुनिश्चित ज्ञान के बग़ैर काम छोड़ देता है हमेशा अपने कार्य में या अपने उद्देश्य में विफल रहता है

सय्यदना हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु सूरत यूसुफ़ आयत 88 يٰبَنِيَّ اذْهَبُوْا فَتَحَسَّسُوْا مِنْ يُّوْسُفَ وَاَخِيْهِ وَلَا تَايْـَٔسُوْا مِنْ رَّوْحِ اللّٰهِ ۭ اِنَّهٗ لَا يَايْـَٔسُ مِنْ رَّوْحِ اللّٰهِ اِلَّا الْقَوْمُ الْكٰفِرُوْنَ की व्याख्या में फ़रमाते हैं

"इस आयत से स्पष्ट प्रकट है कि हज़रत याक़ूब अलैहिस्सलाम को हज़रत-ए-यूसुफ़ अलैहिस्सलाम के ज़िंदा होने और फिर मिस्र में होने की ख़बर ख़ुदा तआला की ओर से हासिल थी अन्यथा सम्भव नहीं एक लड़के के सम्बन्ध में जिसे वे समझते हो कि भेड़ीया खा गया है या और किसी कारण से मर चुका है वह अपने बेटों की तलाश का हुक्म देते और विशेषता मिस्र में तलाश का हुक्म देते।

इस आयत में रुहानी और जिस्मानी तरक़्क़ी का उच्चतम गुण बताया है। समस्त नाकामियों की जड़ हिम्मत हार देना है । जो व्यक्ति निश्चित रूप से और सुनिश्चित ज्ञान के बग़ैर काम तर्क कर देता है हमेशा अपने कार्य में या अपने उद्देश्य में विफल रहता है। मामूली से मामूली कार्यों में भी यह असल काम दे रहा है। एक बड़ा लोहार और एक मामूली लोहार में यही अंतर देखोगे कि एक हर मुश्किल काम के वक़्त कहेगा यह नहीं हो सकता दूसर उसके हल करने पर लगा रहेगा। और आख़िर कामयाब हो जाएगा। कर्यों में ही नहीं क़ुदरत के कर्मों में भी यह असल काम कर रहा है। जो बीमार सेहत की उम्मीद दिल से निकाल देता है उसे सेहत होनी मुश्किल हो जाती है। जो तालिब-इल्म

शेष पृष्ठ 12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अलख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ की यूरोप की यात्रा, मई जून 2015 ई (भाग-11)

कालेज और यूनीवर्सिटीज़ में शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों तथा छात्राओं की हुज़ूर अनवर के साथ मुलाक़ात

एक विद्यार्थी की तरफ से पर्दा की आवशयकता पर निबन्ध का सुनाना,फ़ैमिली और इनफ़रादी मुलाक़ात

वाकफ़ीन नौ बच्चों की हुज़ूर अनवर के साथ ख़ुसूसी क्लासिज़

(रिपोर्टः अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)
(अनुवादकः सय्यद मुहयुद्दीन फ़रीद)

30 मई 2015 ई (दिनांक शनिवार)

एक विद्यार्थी ने प्रश्न किया कि यदि कीमोथेरापी को जड़ी बूटियों के साथ मिला के ईलाज किया जाए तो अच्छा ईलाज हो सकता है

माह पारा साहिबा ने कहा कि इस पर उन्होंने कोई रिसर्च नहीं की। इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया कि इस पर आप रिसर्च कर लो

इस विद्यार्थी ने मज़ीद प्रश्न किया : एलोपैथिक ईलाज किस हद तक करना चाहिए, जब कि इस के साइड-इफ़ेक्ट्स भी बहुत ज़्यादा हैं?

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया : जब तक डाक्टर कहता है करते जाओ। विद्यार्थी ने मज़ीद पूछा : कि हुज़ूर डाक्टर तो पैसे कमाने के लिए कहते हैं?

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया : यदि यह एहसास हो कि डाक्टर पैसे बनाने के लिए कर रहा है, तो न कराओ। कुछ यूरोपीयन मुल्कों में एशीयन लोगों को लेबारेटरी टैस्ट के लिए रखा हुआ है। जब कुछ समझ न आए तो पैनकिल्लरज़ दे देते हैं। दूसरे ईलाज भी साथ-साथ कर लेने चाहिऐं। एक-बार हज़रत ख़लीफतुल मसीह सानी रज़ियल्लाहु अन्हु बीमार थे। उन्होंने पहले देसी दवाई खाई फिर एलोपैथिक फिर होमेयोपैथिक खाई। किसी बे-तकल्लुफ़ मित्र ने कहा कि आपने तीनों खा लीं हैं। हुज़ूर रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया : यह तो ईलाज है यह ख़ुदा नहीं हैं। मुझे नहीं पिता कि ख़ुदा तआला ने किस में शिफ़ा रखी है इस लिए मैंने तीनों खा लीं हैं।

इस के बाद एक दूसरे विद्यार्थी ने अपना एक मज़मून पढ़ कर सुनाया, जिसका शीर्षक था

Discussion of Head Scarf from the pedgogical point of view अर्थात तालीमी मैदान में हिजाब की बेहस

पिछले दस वर्ष से ज़्यादा समय से जर्मनी में इन मुस्लमान औरतों के सिर के हिजाब पर पाबंदी है जो पब्लिक सर्विसिज़ अर्थात शिक्षा और वकालत इत्यादि से जुड़े हैं। इस के कारण इस्लाम मुख़ालिफ़ सियासतदानों के बयानात दिए थे। तथा बेहस के समय समस्त फ़रीक़ैन की बात नहीं सुनी जाती थी और एक तरफ़ा मुहिम इस्लाम के हुक्म के विरुद्ध चलाई जाती रही। फिर आहिस्ता-आहिस्ता इस बेहस का रुख पल्टा और इस्लाम के विरुद्ध फैलाए जाने वाले नज़रियात को तबदील किया। जनवरी 2015 में जर्मनी में कोर्ट ने, अतिरिक्त टीचरज़ के बाक़ी मुस्लमान औरतों के लिए हिजाब का Ban ख़त्म कर दिया है। इस का बहुत सारे रोशन विचार सियासतदानों ने स्वागत किया और उसे जनतंत्र और बराबरी के अनुसार क़रार दिया।

हुज़ूर अनवर ने इस बच्ची को फ़रमाया कि आपने इतनी तेज़ पढ़ा है कि पता नहीं समझ भी आया है किसी को या नहीं?

एक विद्यार्थी ने प्रश्न किया कि हमें किन विषयों पर अपने Thesis लिखने चाहिऐं जिनमें यूरोपीयन समाज की कमज़ोरियों की निशानदेही हो।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया असल चीज़ Morals हैं, इसकी Defination विभिन्न है। उदाहरण के लिए यूरोप में यह अख़लाक़ समझा जाता है कि पुरुष और औरत अपनी मर्ज़ी से बिना शादी के सम्बन्ध क़ायम कर लें तो कोई पकड़ नहीं। यदि ज़बरदस्ती का सम्बन्ध हो तो पकड़ लेते हैं । इस्लाम कहता है कि तुम्हारी अख़लाक़ की यह व्याख्या ग़लत है, एक तरीक़ा है प्रत्येक चीज़ का, शादी करो तो सुकून पैदा होगा। शादी के साथ संबंध क़ायम करो। नसल पैदा करो। फिर इस तरह संसद तो Homosexuality के बारे में क़ानून पास कर देती हैं, जबकि इस्लाम और बाइबल ये भी कहती है कि यह ग़लत है और क़ुरआन-ए-करीम में यह लिखा है कि इस कारण से एक क़ौम पर अज़ाब आया था। इस तरह के आप शीर्षक निकाल सकती हैं, आप लोगों के तेज़ ज़हन हैं । बाक़ी रह गया पर्दे का सम्बन्ध तो अभी यहां वर्णन किया था कि मुस्लमान महिलाए कहती हैं कि हिजाब अपने धर्म की इताअत में पहननी है? इस्लाम यह नहीं कहता कि आँखें बंद करके इताअत करो। केवल एक बात पर आँखें बंद कर के ईमान लाना है वह अल्लाह पर ईमान है और ग़ैब पर ईमान है और वह इस लिए कि फिर जब आहिस्ता-आहिस्ता ईमान बढ़ेगा तो अल्लाह तआला फिर अपना प्रकटन भी स्वयं ही करेगा। पर्दे का हुक्म जो आया है यह अपनी पहचान के प्रकटन के लिए आया है, इस से उमूमन जो शुरफ़ा हैं वह हिजाब को देखकर एहतियात करते हैं। इस्लाम ने केवल यह नहीं कहा कि अपना सिर ढांक लो बल्कि उसकी हिक्मत भी बताई कि ताकि तुम ग़ैरों से पहुंचने वाले नुक़्सान से बच सको। इस नुक़्सान से बचने के लिए तुम्हें पुरुष और औरत के मध्य एक बैरियर रखना चाहिए।

एक विद्यार्थी ने कहा : कुछ महिलाए जो टीचर बन रही थीं उन्होंने यह दलील दी थी कि लोग कहते हैं कि मुझे मेरा धर्म कहता है कि क़ुर्बानी करो

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया : यदि यह कहो कि क़ुर्बानी कर रही हैं तो वह कह देंगे कि तुम से तुम्हारा धर्म क़ुर्बानी मांगता है। पुरुष से क्यों नहीं मांगता। बहुत से लोग तुम से हमदर्दी करेंगे। तुम उनको बताओ कि क्या लाभ है। अल्लाह तआला ने जहां क़ुरआन में पर्दे का हुक्म दिया इस में पहले मर्दों को कहा कि नज़रें नीची रखों। बहुत सी यूरोपीयन महिलाए जो हमारे जलसे पर आती जैसे U.K जलसे पर एक JOURNALIST आई थी। सारा दिन उसने औरतों की मारकी में गुज़ारा। पहले वह कहती थी कि यह segregation किया है? फिर सारा दिन गुज़ार ने के बाद शाम को उसने कहा कि मैं ज़्यादा आज़ादी से रही हूँ। मुझे पता लगा कि मैं मर्दों की नज़रों से बची रही हूँ जो ग़लत नज़रें डालते हैं। मैं अपनी पहचान के साथ रही हूँ। यहां सब महिलाए ही काम कर रही थीं। औरत की एक value है और यह इस्लाम ही इसको बताता है।

इस पर एक विद्यार्थी ने अर्ज़ किया : इस समाज में वह कहते हैं कि आप सारा दिन घर में जो मर्ज़ी पहनो, पर स्कूल में आकर हिजाब न लो।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया : स्कूल में जो यूनीफार्म है पहन लो परन्तु उनको कहो कि मुझे आदत है कि मैं सिर पर हिजाब पहनती हूँ। कुछ यूरोपीयन बूढ़ी महिलाए अभी भी सिर ढाँपती हैं। सर्दीयों में स्कार्फ के अतिरिक्त गले में मफ़लर भी डाल लेती हैं। उदाहरण के लिए आप एक रिसर्च कर रही हो, तो उस के लिए एक स्पैशल CAP पहननी पड़ती है तो पहन लो, परन्तु जब उस कमरे से बाहर आओ तो फिर उचित कपड़े होना चाहिए। "असल चीज़ है हया" औरत को हया रखनी चाहिए। ताकि वह अपनी इज़्ज़त को महफ़ूज़ रख सके। यहां हया नहीं इस लिए बड़ी percentage शादी से पहले ग़लत कामों में मुबतला हो जाती है। हम केवल क़ुर्बानी नहीं कर रहे। हाँ तुम यह कह सकती हो कि चूँकि मेरा धर्म मुझे ऐसा करने का हुक्म देता है इस लिए मैं बर्दाश्त नहीं कर सकती कि इस से हट कर अनुकरण करूँ, परन्तु क़ुर्बानी का शब्द ठीक नहीं। यदि तुम क़ुर्बानी का शब्द प्रयोग करोगी तो फिर ग़ैर लोग एतराज़ करेंगे।

एक और विद्यार्थी ने प्रश्न किया : क़ुरआन-ए-करीम में पर्दे की बहुत सी आयात हैं और यह भी कहा जाता है कि سَمِعْنَا وَاَطَعْنَا यहां

शेष पृष्ठ 9 पर

ख़ुत्बः जुमअः

उस ज़ात की क़सम जिस के नियंत्रण में मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की जान है

वास्तव में फ़रिश्ते उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु से उसी तरह लज्जा करते हैं जैसे वह फ़रिश्ते अल्लाह और उसके रसूल सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से लज्जा करते हैं (हदीस)

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के महान ख़लीफ़ा ‘राशिद दो नूरों वाले हज़रत उस्मान बिन अफ़्फ़ान रज़ियल्लाहु अन्हु की विशेषताओं का वर्णन

रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपने दोनों हाथ ऊपर उठाए यहां तक कि आपकी बग़ल की सफ़ेदी नज़र आने लगी और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के लिए दुआ की,

मैंने नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को किसी और के हक़ में ऐसी दुआ करते हुए न पहले कभी सुना और न बाद में, और वह दुआ यह थी, اَللّٰھُمَّ أَعْطِ عُثْمَانَ، اَللّٰھُمَّ افْعَلْ بِعُثْمَانَ। हे अल्लाह! उस्मान को बहुत अता फ़र्मा, हे अल्लाह! उस्मान पर अपना फ़ज़ल-ओ-करम नाज़िल फ़र्मा

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के आज़ाद किए ग़ुलाम अबू सईद वर्णन करते हैं कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने अपने घर के घेराव के समय बीस ग़ुलाम आज़ाद किए

पाँच मरहूमीन आदरणीय मुहम्मद यूनुस ख़ालिद साहिब मुरब्बी सिलसिला, आदरणीय डाक्टर निज़ामुद्दीन बुधन साहिब आफ़ ऐवरी कोस्ट, आदरणीया सलमा बेग़म साहिबा पत्नी डाक्टर राजा नज़ीर अहमद ज़फ़र साहिब,

आदरणीया किशवर तनवीर अरशद साहिबा पत्नी अबदुल-बाक़ी अरशद साहिब चेयरमैन शिर्कतुल इस्लामिया और आदरणीय अब्दुर्रहमान हुसैन मुहम्मद ख़ैर साहिब आफ़ सूडान का वर्णन और नमाज़-ए-जनाज़ा ग़ायब

अल-जज़ायर और पाकिस्तान में अहमदियों की मुख़ालिफ़त को दृष्टिगत रखते हुए विशेषता दुआओं की पुनः तहरीक

चीनी डैसक की नई वेबसाइट के आरंभ की घोषणा

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 2 अप्रैल 2021 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَاالضَّآلِّيْنَ

पिछले ख़ुत्बा से पहले हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु का वर्णन चल रहा था। आज भी वही वर्णन होगा। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु में शर्म और लज्जा बहुत ज़्यादा थी। इस बारे में एक रिवायत है। हज़रत अनस बिन मालिक रज़ियल्लाहु अन्हु रिवायत करते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया मेरी उम्मत में से मेरी उम्मत पर सबसे ज़्यादा रहम करने वाले अबूबकर रज़ियल्लाहु अन्हु हैं। अल्लाह के दीन में इन सबसे ज़्यादा मज़बूत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु हैं। उनमें सबसे ज़्यादा हक़ीक़ी लज्जा वाले उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु हैं। उनमें से सबसे उचित निर्णय करने वाले अली बिन अबी तालब रज़ियल्लाहु अन्हु हैं। उनमें से सबसे ज़्यादा अल्लाह तआला की पुस्तक क़ुरआन को जानने वाले उबै बिन काअब रज़ियल्लाहु अन्हु हैं और उनमें से सबसे ज़्यादा हलाल-ओ-हराम को जानने वाले मुआज़ बिन जबल रज़ियल्लाहु अन्हु हैं और उनमें से सबसे ज़्यादा फ़रायज़ को जानने वाले ज़ैद बिन साबित रज़ियल्लाहु अन्हु हैं। सुनो हर उम्मत के लिए एक अमीन होता है और इस उम्मत का अमीन अबू उबैदा बिन जर्राह रज़ियल्लाहु अन्हु हैं।

(सुंन इब्ने मांजा, इफ़्तिताह पुस्तक बाब फ़ज़ायल ज़ैद बिन साबित हदीस 154)

हज़रत अनस बिन मालिक रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया मेरी उम्मत पर सबसे ज़्यादा रहम करने वाले अबू बक़र रज़ियल्लाहु अन्हु हैं और अल्लाह के अहकाम की तामील-ओ-तनफ़ीज़ में उनमें सबसे ज़्यादा मज़बूत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु हैं और उनमें सबसे ज़्यादा लज्जा करने वाले उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु हैं।

(सुंन अल्-तिरमज़ी अबवाब मनाकिब बाब मनाक़िब मआज़ बिन जबल हदीस 3790)

हज़रत उस्मान बिन अफ़्फ़ान रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं कि न मैंने कभी लापरवाही की और न मैंने कभी तमन्ना की। (सुंन इब्ने मांजा पुस्तक किताब अत्तहारतो व सुननहा बाब कराहत मस्सज़करा बिल- यमीन वल यमीन हदीस नंबर311) अर्थात ख़िलाफ़त की या किसी भी ओहदे की या झूठी तमन्ना नहीं की।

हज़रतआयशा रज़ियल्लाहु अन्हा आप रज़ियल्लाहु अन्हु की लज्जा के बारे में रिवायत करती हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मेरे घर में अपनी रानों या पिंडुलीयों से कपड़ा हटाए हुए लेटे थे कि हज़रत अबू बक़र रज़ियल्लाहु अन्हु ने आज्ञा मांगी तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उसी हालत में उन्हें आज्ञा दी। फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम बातें करने लगे। फिर हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने आज्ञा मांगी तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उसी हालत में उन्हें भी आज्ञा दे दी। फिर भी आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम बातें करते रहे। फिर जब हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने आज्ञा मांगी तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बैठ गए और अपने कपड़ों को ठीक किया। मुहम्मद जो रावी हैं कहते हैं कि मैं यह नहीं कहता कि ये सब एक दिन में हुआ। अलग अलग समय की बातें हो सकती हैं। वह आए बातें कीं और जब वह चले गए तो हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा ने निवेदन किया कि अबूबकर रज़ियल्लाहु अन्हु आए लेकिन उन के लिए आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने कोई ख़ास ख़्याल न किया। फिर उमर रज़ियल्लाहु अन्हु आए तो उनके लिए भी आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने कोई ख़ास ख़्याल न किया। लेकिन जब उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु अंदर आए तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम बैठ गए और अपने कपड़े ठीक करने लगे। इस पर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया क्या में उस व्यक्ति का लिहाज़ न करूँ जिससे फ़रिश्ते लज्जा हैं! एक दूसरी जगह इस रिवायत को वर्णन करते हुए यह बात लिखी है कि जब हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा ने अर्ज़ किया कि सिर्फ हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के लिए आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने यह ऐसा ख़ास एहतिमाम क्यों किया? तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लमने फ़रमाया : क्या में उस से लज्जा न करूँ जिससे फ़रिश्ते भी लज्जा करते हैं! उस ज़ात की क़सम जिसके नियंत्रण में मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लमकी जान है वास्तव में फ़रिश्ते उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु से उसी तरह लज्जा करते हैं जैसे वे फ़रिश्ते अल्लाह और उस के रसूल सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से लज्जा करते हैं। यदि उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु अंदर आते और तो मेरे क़रीब ही होती तो उनमें इतनी लज्जा है कि वह वापिस जाने तक न ही अपना सिर ऊपर उठाते अर्थात नज़र ऊपर भी न उठाते और न ही कोई बात करते। (सही मुस्लिम पुस्तक फ़ज़ायल अलअसहाब रज़ियल्लाहु अन्हुमा बाब मिन फ़ज़ायल उस्मान बिन अफ़्फ़ान

रज़ियल्लाहु अन्हु, रिवायत 6209)(मजमा अलज़वायद भाग 9 पृष्ठ 59-60 पुस्तक मनाकिब बाब फ़ी हया हदीस नंबर 14504 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत, 2001 ई.)

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की घटना वर्णन करते हुए हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं। यह घटना आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने अल्लाह तआला की सिफ़त करीम के वर्णन में वर्णन फ़रमाया है कि अल्लाह तआला करीम है। फ़रमाते हैं कि रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की एक घटना है जिससे पता चलता है कि करीम से शर्म की जाती है। करीम जो सिफ़त है जिसमें हो उस से शर्म की जाती है। हदीसों में आता है कि एक दफ़ा रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपने घर में लेटे हुए थे और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की टांगों का कुछ हिस्सा नंगा था कि हज़रत अबूबकर रज़ियल्लाहु अन्हु आए और बैठ गए। फिर हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु आए और बैठ गए परन्तु आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने कोई पर्वा न की। थोड़ी देर गुज़री थी कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने दस्तक दे दी। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम तुरन्त उठ बैठे और अपनी टांगों को कपड़े से ढांक लिया और फ़रमाया उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु बहुत शर्मीला है। उस के सामने टांग का कुछ हिस्सा नंगा रखते हुए शर्म आती है। इस लिए हदीस के शब्द हैं (पहले वर्णन भी हुए हैं) हज़रतआयशा रज़ियल्लाहु अन्हा से रिवायत है कि एक दफ़ा रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम घर में बैठे हुए थे और अपनी पिंडुलियों से कपड़ा हटाया हुआ था। इसी हालत में अबू बक़र रज़ियल्लाहु अन्हु ने अंदर आने की आज्ञा चाही तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम उसी तरह लेटे रहे और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने आज्ञा दे दी, उनसे बात चीत फ़रमाते रहे। फिर उमर रज़ियल्लाहु अन्हु आए। उन्होंने आज्ञा मांगी की। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने आज्ञा दे दी और उसी तरह लेटे रहे। (लेटे हुए थे या बैठे थे।) फिर थोड़ी देर बाद उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु आए तो नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम उठ खड़े हुए और कपड़े को ठीक कर लिया और उनको अंदर आने की आज्ञा दे दी। जब सब चले गए तो हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा ने नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लमसे सवाल किया कि या रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अबू बक़र रज़ियल्लाहु अन्हु आए और उमर रज़ियल्लाहु अन्हु आए तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उनकी आमद पर ख़ास पर्वा नहीं की और उसी तरह लेटे रहे जैसे लेटे थे लेकिन उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की आमद पर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम उठ खड़े हुए और कपड़े ठीक कर लिए। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने जवाब दिया हे आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा! क्या मैं उस से शर्म न करूँ जिससे फ़रिश्ते भी शर्म करते हैं।

तो देखो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की शर्म का लिहाज़ किया कि वह लोगों से शरमाते थे। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम उनसे शरमाए अर्थात हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु लोगों से शरमाते थे इसलिए आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम उनसे शरमाए। इस घटना को वर्णन कर के आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया है कि ख़ुदा तआला के करीम होने से लोगों को गुनाहों से बचने की कोशिश करनी चाहिए। लज्जा करनी चाहिए उस की बात माननी चाहिए। न यह कि गुनाहों पर साहस पैदा हो जाए कि अल्लाह तआला बड़ा करीम है करम कर देगा। हमारे गुनाहों के बावजूद हम पर करम कर देगा। आप रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं कि इस बात को सामने रखना चाहिए कि यदि अल्लाह तआला की सिफ़त करीम है तो फिर बंदे को भी लज्जा करनी चाहिए और गुनाहों से बचने की कोशिश करनी चाहिए।

(उद्धरित तफ़सीर कबीर भाग 8 पृष्ठ 259)

खान पान और सादगी के बारे में आता है। अब्दुल्लाह रूमी वर्णन करते हैं कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु रात के वुज़ू का स्वयं इंतिज़ाम करते थे। आप रज़ियल्लाहु अन्हु से अर्ज़ की गई कि यदि आप रज़ियल्लाहु अन्हु कसी ख़ादिम को हुक्म दें तो वह आप रज़ियल्लाहु अन्हु के लिए इंतिज़ाम कर दिया करे। इस पर आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया : नहीं, रात तो उन लोगों की है जिस में ये आराम करते हैं। (अल् तब्कातुल कुबरा ले इब्ने साअद भाग तीन पृष्ठ 33 उस्मान बिन अफ्फ़ान, दारुल अहया अल् तुर्रास अरबी बेरूत 1996 ई.)

अर्थात कि काम करने वाले ख़िदमत गुज़ारों को रात को आराम करने के लिए वक़्त देना चाहिए।

अलक़मा बिन वक़ास वर्णन करते हैं कि हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु से अर्ज़ किया जबकि आप रज़ियल्लाहु अन्हु मिंबर पर थे कि हे उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु! आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने इस उम्मत को एक बहुत ही मुश्किल में डाल दिया। आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने ख़िताब फ़रमाया। कुछ बातें कीं, कुछ चेतावनियाँ उम्मत को दीं। अत: आप रज़ियल्लाहु अन्हु तौबा करें और वह भी आप रज़ियल्लाहु अन्हु के साथ तौबा करें। अल्लाह का बड़ा ख़ौफ़ दिलाया था तो इस पर एक सहाबी ने यह अर्ज़ कर दिया। रावी कहते हैं इस पर आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने उसी वक़्त अपना चेहरा क़िबला रुख किया और अपने दोनों हाथ उठा कर कहा। اَللّٰهُمَّ إِنِّيْ أَسْتَغْفِرُكَ وَأَتُوْبُ إِلَيْكَ कि हे अल्लाह! वास्तव में मैं तुझसे बख़शिश तलब करता हूँ और तेरी ओर झुकता हूँ। और इस अवसर पर मौजूद लोगों ने भी अपने हाथ उठाए और यह दुआ की।

(अल् तब्कातुल कुबरा ले इब्ने साअद साद, भाग तीन पृष्ठ 39 उस्मान बिन अफ्फ़ान, दारुल अहया तुर्रास अरबी बेरूत, 1996ई.) यह अल्लाह तआला से ख़ौफ़ और भय और आप रज़ियल्लाहु अन्हु की सादगी का स्थान है कि तुरन्त दुआ के लिए हाथ उठा लिए। किसी बेहस में नहीं पड़े। अपने लिए दुआ की, उम्मत के लिए दुआ की।

सख़ावत और फ़य्याज़ी और अल्लाह के मार्ग में खर्च करने के बारे में रवायात मिलती हैं। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु स्वयं वर्णन करते हैं कि मैंने दस चीज़ें अपने रब के हुज़ूर छुपा के रखी हुई हैं। मैं सबसे पहले इस्लाम लाने वालों में से चौथा व्यक्ति हूँ। न मैंने कभी खेल कूद वाले गाने सुने और न कभी झूठी बात की है और जब से मैंने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की बैअत की है तब से मैंने अपनी शर्मगाह को अपने दाएं हाथ से नहीं छुआ और इस्लाम क़बूल करने के बाद मुझ पर कोई जुमा ऐसा नहीं गुज़रा जिस में मैं ने कोई गर्दन आज़ाद न की हो उस जुमा को छोड़ कर के कि जिसमें मेरे पास आज़ाद करने के लिए कोई ग़ुलाम न हो। इस सूरत में मैं जुमा के इलावा किसी और दिन में ग़ुलाम आज़ाद कर देता था और मैंने न ज़माना-ए-जाहिलीयत में व्यभिचार किया और न ही इस्लाम में।

(मज्मा ज़वायद 9 पृष्ठ 65 पुस्तक मनाकिब बाब فيما كان فيه من الخير हदीस नंबर 14525 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2001ई.)

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के आज़ाद करदा ग़ुलाम अबू सईद वर्णन करते हैं कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने अपने घर के घेराव के समय बीस ग़ुलाम आज़ाद किए।(उसोदुल ग़ाबा फ़ी मारेफ़तिल सहाबा ले इब्ने साअद भाग 3 पृष्ठ 489 उस्मान बिन अफ्फ़ान, दारुल फ़िकर बेरूत 2003 ई.)

हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद रज़ियल्लाहु अन्हु वर्णन करते हैं कि हम नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लमके साथ एक जंग में थे कि लोगों को भूक की तकलीफ़ आ पहुंची यहां तक कि मैंने मुस्लमानों के चेहरों पर परेशानी और मुनाफ़क़ीन के चेहरों पर ख़ुशी के आसार देखे। जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने यह कैफ़ीयत देखी तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया अल्लाह की क़सम! सूरज ग़ुरूब नहीं होगा कि अल्लाह तआला तुम्हारे लिए खाने के सामान फ़र्मा देगा। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को इस बात की ख़बर हुई तो आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया अल्लाह और उसका रसूल बिल्कुल सच्च फ़रमाते हैं। इस लिए आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने चौदह ऊंट अनाज के साथ ख़रीदे और उनमें से नौ नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लमकी ख़िदमत में भिजवा दिए। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने यह देखकर फ़रमाया कि यह क्या है? बताया गया कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने यह आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की तरफ़ भेंट किए हैं। इस पर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के चेहरे पर ख़ुशी और प्रसन्नता फैल गई और मुनाफ़िक़ों के चेहरों पर बेचैनी और परेशानी छा गई। तब मैंने देखा कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपने दोनों हाथ ऊपर उठाए यहां तक कि आपकी बग़ल की सफ़ेदी नज़र आने लगी और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के लिए दुआ की। मैंने नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को किसी और के हक़ में ऐसी दुआ करते हुए न पहले कभी सुना और न बाद में, और वह दुआ यह थी اَللّٰهُمَّ أَعْطِ عُثْمَانَ، اَللّٰهُمَّ افْعَلْ بِعُثْمَانَ। हे अल्लाह! उस्मान को बहुत अता फ़र्मा। अल्लाह! उस्मान पर अपना फ़ज़ल-ओ-करम नाज़िल फ़र्मा।

हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा वर्णन करती हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मेरे पास तशरीफ़ लाए तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने गोश्त देखकर फ़रमाया यह किस ने भेजा है? मैं ने अर्ज़ किया हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने। आप रज़ियल्लाहु अन्हा कहती हैं कि इस पर मैं ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को अपने दोनों हाथ उठा कर उस्मान के लिए दुआ

करते देखा।

(मज्मा ज़वायद भाग 9 पृष्ठ 64 पुस्तक मनाकिब बाब اعانته فی جیش العسرۃوغیرہ। हदीस 14520-14523 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2001ई.)

मुहम्मद बिन हिलाल अपनी दादी से रिवायत करते हैं कि उनकी दादी हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की ख़िदमत में हाज़िर हुआ करती थीं जबकि आप रज़ियल्लाहु अन्हु घर में कैद कर दिए गए थे। वह बताते हैं कि उनकी दादी के हाँ बेटा पैदा हुआ जिसका नाम हिलाल रखा गया। जब एक दिन हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने उन्हें मौजूद न पाया तो पूछने पर आप रज़ियल्लाहु अन्हु को मालूम हुआ कि आज रात उनके हाँ बेटा पैदा हुआ है। मेरी दादी कहती हैं कि इस पर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने मेरी तरफ़ पच्चास दिरहम और एक बड़ी चादर में से टुकड़ा भिजवाया और फ़रमाया तेरे बेटे का वज़ीफ़ा है और ये उसके पहनने के लिए कपड़ा है। जब उसकी आयु एक वर्ष हो जाएगी तो हम उस का वज़ीफ़ा बढ़ा कर सो दिरहम कर देंगे। (अल् बदाय व्न्हाया ले इब्ने साअद भाग 4 जुज़ 7 पृष्ठ 206 सन् 35 हिज्री, فصل فی ذکر شیء من سیرتہ दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2001ई.)

इब्ने सईद बिन यर्बू वर्णन करते हैं कि में एक-बार दोपहर के वक़्त घर से निकला जबकि में बच्चा था। मेरे पास एक परिंदा था जिसे मैं मस्जिद में उड़ा रहा था। क्या देखता हूँ कि वहां एक ख़ूबसूरत चेहरे वाले बुज़ुर्ग लेटे हुए हैं। उनके सिर के नीचे ईंट या ईंट का कोई टुकड़ा था। तकिया की जगह ईंट रखी हुई थी। मैं खड़ा हो कर उनकी ख़ूबसूरती को आश्चर्य से देखने लगा। उन्होंने अपनी आँखें खोल कर मुझ से पूछा। हे बच्चे तुम कौन हो? मैंने अपने सम्बन्ध में बताया तो उन्होंने क़रीब ही सोए हुए एक लड़के को आवाज़ दी लेकिन उसने कोई जवाब न दिया। इस पर उन्होंने मुझे कहा कि उसे बुला कर लाओ। इस लिए मैं उसे बुला लाया। इस बुज़ुर्ग ने उसे कुछ लाने का हुक्म दिया और मुझे कहा कि बैठ जाओ। फिर वह लड़का चला गया और एक वस्त्र और एक हज़ार दिरहम लेकर आया। उन्होंने मेरा लिबास उतरवाया और उस की जगह मुझे वह वस्त्र पहना दिए और वे एक हज़ार दिरहम उस वस्त्र में डाल दिए। जब में अपने पिता के पास पहुंचा तो उन्हें ये सब कुछ बताया। इस पर उन्होंने कहा कि हे मेरे बेटे! क्या तुझे ज्ञात है कि किस ने तेरे साथ ऐसा सुलूक किया? मैंने कहा मुझे नहीं मालूम सिवाए उस के कि वह कोई ऐसा व्यक्ति था जो मस्जिद में सौ रहा था और इस से बढ़कर सुंदर मैंने कभी ज़िंदगी में किसी को नहीं देखा तो उन्होंने बताया कि वह अमीर-ऊल-मोमनीन हज़रत उस्मान बिन अफ़्फ़ान रज़ियल्लाहु अन्हु हैं।(अल् बदाय व्न्हाया ले इब्ने साअद असीर भाग 4 जुज़ 7 पृष्ठ 206-207 सन् 35 हिज्री दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2001 ई.)

इब्ने जरीर रिवायत करते हैं कि हज़रत तल्हा हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु से उस वक़्त मिले जबकि आप मस्जिद की तरफ़ जा रहे थे। हज़रत तल्हा ने कहा आप रज़ियल्लाहु अन्हु के पच्चास हज़ार दिरहम जो मेरे ज़िम्मा थे वे अब उपलब्ध हो गए हैं। आप उन्हें वसूल करने के लिए किसी व्यक्ति को मेरी तरफ़ भेज दें। इस पर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने उनसे फ़रमाया कि आपकी विनम्रता के कारण से वे हम ने आपको भेंट कर दिए हैं। वे नहीं लेने।

असमी कहते हैं कि इब्ने आमिर ने कितन बिन औफ़ हिलाली को किरमान के इलाक़े पर गवर्नर बनाया। वह चार हज़ार मुस्लमानों का लश्कर लेकर निकला। रास्ते में एक वादी बारिश के पानी की वजह से बह पड़ी जिसकी वजह से उनका रास्ता बंद हो गया और कितन को समय पर न पहुंचने का अंदेशा हुआ तो उसने ऐलान किया कि जो व्यक्ति इस वादी को पार करेगा उस के लिए एक हज़ार दिरहम बतौर इनाम होगा। इस पर लोग तैर कर पार करने लगे। जब भी कोई व्यक्ति वादी को पार कर लेता तो कतन कहते उसे उस का जायज़ा अर्थात इनाम दो। यहां तक कि सारे लश्कर ने वादी पार कर ली और इस प्रकार इन सबको चालीस लाख दिरहम दिए गए परन्तु गवर्नर इब्ने आमिर ने कतन को यह रक़म देने से इंकार कर दिया और ये बात हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की ख़िदमत में तहरीर की। इस पर आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने, हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया कि यह रक़म कतन को दे दो क्योंकि उसने तो अल्लाह के रास्ते में मुस्लमानों की मदद की है। अत: इस वादी को उबूर करने की वजह से उस दिन से इनाम में दी जाने वाली रक़म का नाम जवायज़ पड़ गया। जो जायज़ा की जमा है। (अल् बदाय व्न्हाया ले इब्ने साअद असीर भाग 4 जुज़ 7 पृष्ठ 208 सन् 35 हिज्री दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2001 ई.)

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु से, एक दफ़ा जब बीमार हुए थे तो ख़लीफ़ा निर्धारित करने की दरख़ास्त भी की गई। इस घटना को हश्शाम ने अपने बाप से रिवायत किया है कि उन्होंने कहा कि मरवान बिन हकम ने मुझे बताया कि जिस साल नक्सीर की बीमारी फैली हज़रत उस्मान बिन अफ़्फ़ान रज़ियल्लाहु अन्हु को भी सख़्त नक्सीर हुई। नाक में से ख़ून आने लगा यहां तक कि इस बीमारी ने उनको हज से रोक दिया और उन्होंने वसीयत कर दी तो उस वक़्त क़ुरैश में से एक व्यक्ति उनके पास आया और कहने लगा किसी को ख़लीफ़ा निर्धारित कर दें। आप रज़ियल्लाहु अन्हु की ऐसी हालत हो रही है किसी को ख़लीफ़ा निर्धारित कर दें। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने पूछा क्या लोगों ने यह बात कही है? उसने कहा कि हाँ। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने फिर पूछा कि किस को ख़लीफ़ा बनाना चाहते हैं? वह ख़ामोश रहा। इतने में एक और व्यक्ति उनके पास आया। मैं समझता हूँ कि वह हारिस था। कहने लगा कि ख़लीफ़ा निर्धारित कर दें। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया क्या लोगों ने यह कहा है? उसने कहा हाँ। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने पूछा वह कौन है जो ख़लीफ़ा होगा? वह ख़ामोश रहा। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा शायद वे कहते हैं ज़ुबैर को। उसने कहा हाँ। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा कि उस ज़ात की क़सम जिसके हाथ में मेरी जान है जहां तक मुझे इलम है बे उनमें से वास्तव में बेहतर है और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को भी इन सबसे ज़्यादा प्यारा था।

(सही बुख़ारी, पुस्तक फ़ज़ाइल अस्हाबुन्नबी बाब मनाक़िब ज़ूबैर बिन अवाम हदीस 3717)

आपको वह्यी के लिखने का भी अवसर मिला। एक रिवायत में है कि सूरत मुज़म्मिल के नुज़ूल के अवसर पर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को वह्यी के लिखने की सआदत मिली। उम्मे कुलसूम बिन सुमअमा वर्णन करती हैं कि मैंने हज़रतआयशा रज़ियल्लाहु अन्हा से कहा कि हम आप रज़ियल्लाहु अन्हु से हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के बारे में पूछते हैं क्योंकि लोग उनके बारे में हमसे बकसरत पूछ रहे हैं। इस पर हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा ने फ़रमाया कि मैंने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ इस घर में एक शदीद गर्म रात में देखा जबकि नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम पर हज़रत जिबराईल वह्यी नाज़िल कर रहे थे। जब आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम पर नुज़ूल-ए-वह्यी होता तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम पर बहुत शदीद बोझ नाज़िल हो जाता था। अल्लाह तआला ने फ़रमाया है। اِنَّا سَنُلْقِیْ عَلَیْكَ قَوْلًا ثَقِیْلًا अल्-मुज़म्मिल : 6, कि वास्तव में हम तुझ पर एक भारी फ़रमान उतारेंगे। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के सामने बैठे लिखते जा रहे थे और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम फ़र्मा रहे थे कि हे उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु लिख। हज़रत आईशा रज़ियल्लाहु अन्हा वर्णन करती हैं कि अल्लाह तआला, रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का ऐसा क़ुरब किसी निहायत मुअज़्ज़िज़-ओ-आदरणीय व्यक्ति को ही अता फ़रमाता है। (कन्ज़ुल अम्माल भाग 7 जुज़ 13 पृष्ठ 23 पुस्तक अलफ़ज़ायल फ़ज़ायल सहाबा, हदीस 36217 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2004 ई)

हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु के ज़माने में क़ुरआन-ए-करीम के लिखित पृष्ठ जमा हुए जो उन्होंने अपने पास रखे। फिर हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु के पास वे पृष्ठ रहे। इस के बाद हज़रत हफ़सा बिंत उमर रज़ियल्लाहु अन्हा के पास रहे। जब हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की ख़िलाफ़त का दौर आया तो आप रज़ियल्लाहु अन्हु के पास ये नुस्ख़े पहुंचने की रिवायत इस तरह मिलती है। हज़रत हुज़ैफ़ा बिन यमन वर्णन करते हैं कि वह अहल-ए-इराक़ के साथ मिलकर फ़तह आरमीनीया और आज़रबाईजान के लिए अहले शाम से जंग कर रहे थे और वहां से लौट कर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की ख़िदमत में हाज़िर हुए। हज़रत हुज़ैफ़ा रज़ियल्लाहु अन्हु को इन इलाक़ों के लोगों की क़ुरआन-ए-करीम की किरात में इख़तिलाफ़ की वजह से ख़ौफ़ हुआ। आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु से अर्ज़ किया कि हे अमीर-ऊल-मोमनीन इस उम्मत को सम्भालें क़बल इस के कि वे अल्लाह की पुस्तक के बारे में यहूद-ओ-नसारा की भांति इख़तिलाफ़ करने लग जाएं। इस पर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत हफ़सा रज़ियल्लाहु अन्हा की ख़िदमत में पैग़ाम भेजा कि क़ुरआन-ए-करीम के लिखित पृष्ठ हमें भेज दें ता कि हम उनके नुस्ख़े तैयार करें। इस के बाद वो पृष्ठ आपको वापिस लौटा देंगे। इस लिए हज़रत हफ़सा रज़ियल्लाहु अन्हा ने वे पृष्ठ हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की ख़िदमत में भिजवा दिए। इस पर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत ज़ैद बिन साबित रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत अब्दुल्लाह

बिन ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत सईद बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत अब्दुर्रहमान बिन हारिस बिन हश्शाम रज़ियल्लाहु अन्हु को हुक्म दिया कि वह उनकी प्रतियाँ तैयार करें। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने ऊपर वर्णित तीनों सहाबा को जो क़ुरैश से थे कहा कि जब तुम्हारा और ज़ेद रज़ियल्लाहु अन्हु का क़ुरआन के किसी टुकड़े के सम्बन्ध में इख़तिलाफ़ हो तो उसे क़ुरैश की भाषा में तहरीर करो क्योंकि क़ुरआन-ए-करीम क़ुरैश की भाषा में उतरा है। इस लिए इन अस्हाब ने ये काम किया। जब प्रतियाँ तैयार हो गईं तो असली पृष्ठ हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत हफ़सा रज़ियल्लाहु अन्हा को वापिस भिजवा दिए और नए तैयार शूदा नुस्ख़े मुख़्तलिफ़ देशों में भिजवा कर हुक्म दिया कि इस के इलावा जो भी अन्य नुस्ख़े हों वो जला कर नष्ट कर दिए जाएं।

(सही बुख़ारी फ़ज़ायलुल-क़ुरआन बाब जमा क़ुरआन-हदीस 4986-4987)

अल्लामा इब्नुत्तीन कहते हैं कि हज़रत अबू बक़र रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के जमा क़ुरआन की घटना का फ़र्क़ यह है कि हज़रत अबू बक़र रज़ियल्लाहु अन्हु ने क़ुरआन को इस ख़ौफ़ से जमा किया कि कहीं हुफ़्फ़ाज़ क़ुरआन के वफ़ात पा जाने की वजह से क़ुरआन का कुछ हिस्सा ज़ाए न हो जाए क्योंकि क़ुरआन एक स्थान पर नहीं किया गया था। लिहाज़ा आपने क़ुरआन-ए-करीम को इस की आयात की उस तर्तीब के अनुसार जमा किया जिस तर्तीब के अनुसार नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उन्हें क़ुरआन-ए-करीम हिफ़्ज़ करवाया था जबकि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के जमा क़ुरआन की घटना यह है कि जब किरात में बहुत ज़्यादा इख़तिलाफ़ होने लगा यहां के लोगों ने अपने लहजा और शब्दकोष के अनुसार क़ुरआन पढ़ना शुरू कर दिया यहाँ तक कि एक दूसरे की किरात को ग़लत क़रार देने लगे तो आप रज़ियल्लाहु अन्हु डरे कि कहीं यह मुआमला संगीन रूप न इख़तियार कर जाए। इस लिए आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने इन पृष्ठों को जो हज़रत अबू बक़र रज़ियल्लाहु अन्हु ने तैयार करवाए थे एक क़ुरआन मजीद में सूरतों की तर्तीब के साथ जमा कर दिया और सिर्फ क़ुरैश के शब्दकोष को मलहूज़ रखा और यह दलील दी कि क़ुरआन का नुज़ूल क़ुरैश की भाषा में हुआ है। यदि इबतिदा में आसानी की ख़ातिर दूसरे शब्दकोष के अनुसार क़ुरआन की तिलावत की आज्ञा दी गई थी परन्तु जब आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने देखा कि अब ऐसा करने की हाजत नहीं रही तो आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने एक ही शब्दकोष की किरात पर इकतिफ़ा का इरशाद फ़रमाया। अल्लामा कुरतबी फ़रमाते हैं यदि यह सवाल किया जाए कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने लोगों को अपने वाले क़ुरआन मजीद पर जमा करने की ज़हमत क्यों उठाई जबकि आप रज़ियल्लाहु अन्हु से पूर्व हज़रत अबू बक़र रज़ियल्लाहु अन्हु इस काम को कर चुके थे तो इस का जवाब यह है कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने जो किया उस का उद्देश्य क़ुरआन मजीद की तदवीन पर लोगों को जमा करना नहीं था। क्या आप देखते नहीं कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने उम्मुल मोमनीन हज़रत हफ़सा रज़ियल्लाहु अन्हा को कहला भेजा कि आप रज़ियल्लाहु अन्हा क़ुरआन के पृष्ठ हमें भेज दें हम उनकी कापीयां बना कर असल सहीफ़े आप रज़ियल्लाहु अन्हु को वापिस कर देंगे। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने यह क़दम केवल इसलिए उठाया कि किरात क़ुरआन के बारे में लोग इख़तिलाफ़ करने लगे थे। क्योंकि सहाबा मुख़्तलिफ़ शहरों में जा चुके थे और इख़तिलाफ़-ए-किरायत की सूरत-ए-हाल संगीन हो चुकी थी और अहल शाम-ओ-इराक़ के दरमयान इख़तिलाफ़ ने वह शक्ल इख़तियार कर ली थी जिसको हज़रत हफ़सा रज़ियल्लाहु अन्हा ने वर्णन किया है।

(सीरत अमीरुल मोमिनीन उस्मान बिन अफ़्फ़ान, अली मुहम्मद से पृष्ठ 231-232 दारुल मार्फा बेरूत लुबनान 2006)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु सूरत अल्-आला की आयत سَنُقْرِئُكَ فَلَا تَنْسٰٓى की तफ़सीर वर्णन करते हुए फ़रमाते हैं कि "इस आयत के अर्थ यह हैं कि हम तुम्हें वह कलाम सिखाएँगे जिसे क़ियामत तक तुम नहीं भोलोगे बल्कि यह कलाम इसी तरह सुरक्षित रहेगा जिस तरह इस वक़्त है। इस लिए इस दावा का सबूत यह है कि इस्लाम के बड़े से बड़े दुश्मन भी आज खुले शब्दों यह स्वीकार करते हैं कि क़ुरआन-ए-करीम उसी शक्ल-ओ-सूरत में सुरक्षित है जिस शक्ल-ओ-सूरत में रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उसे प्रस्तुत फ़रमाया था। नोल्ड (theodor noldeke) स्प्रिंगर (springer) और विलियम मियूर (william muir) सबने अपनी पुस्तकों में स्वीकार किया है कि क़तई और यक़ीनी तौर पर हम क़ुरआन-ए-करीम के अतिरिक्त और किसी पुस्तक के सम्बन्ध में यह नहीं कह सकते कि जिस शक्ल में सिलसिला के संस्थापक ने वह पुस्तक प्रस्तुत की थी उसी शक्ल में वह दुनिया के सामने मौजूद है। सिर्फ क़ुरआन-ए-करीम ही एक ऐसी पुस्तक है जिसके सम्बन्ध में निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि जिस शक्ल में मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपने सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हु को यह पुस्तक दी थी उसी शक्ल में अब भी सुरक्षित है। वे लोग चूँकि इस बात के क़ायल नहीं कि क़ुरआन-ए-करीम ख़ुदा तआला ने नाज़िल किया है बल्कि वे यह अक़ीदा रखते हैं कि मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने यह पुस्तक स्वयं बनाई है इसलिए वे यह तो नहीं कहते कि जिस शक्ल में यह पुस्तक नाज़िल हुई थी उसी शक्ल में सुरक्षित है परन्तु वे यह ज़रूर कहते हैं कि जिस शक्ल में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने यह पुस्तक प्रस्तुत की थी उसी शक्ल में यह पुस्तक अब तक दुनिया में पाई जाती है। इस लिए सर विलियम मियूर अपनी पुस्तक "दी कुरान"(उल-क़ुरआन) में लिखते हैं। "यह समस्त सबूत दिल को पूरी तसल्ली दिला देते हैं कि वह क़ुरआन जिसे हम आज पढ़ते हैं शब्द शब्द वही है जिसे नबी (सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम)ने लोगों को पढ़ कर सुनाया था।"

फिर सर विलियम मियूर अपनी पुस्तक "लाईफ़ आफ़ मुहम्मद" में लिखते हैं कि "अब जो क़ुरआन हमारे हाथों में है मानों बिल्कुल मुम्किन है कि मुहम्मद (रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) ने अपने ज़माना में उसे स्वयं बनाया हो और कई दफ़ा इस में स्वयं ही कुछ बदलाव भी कर दिए हों परन्तु इस में संदेह नहीं कि यह वही क़ुरआन है जो मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) ने हमें दिया था। "इसी तरह से लिखते हैं कि "हम निहायत मज़बूत विचारों के आधार पर कह सकते हैं कि हर एक आयत जो क़ुरआन में है वह असली है। और मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम (आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) की बिना फैर बदल की पुस्तक है।"

फिर नोल्ड के जर्मन मुस्तश्रिक़ (वह गैर एशियाई व्यक्ति जिसे एशियाई भाषाओं अथवा विद्याओं का पूरा-पूरा ज्ञान हो और उसने इन विषयों पर काफ़ी अनुसंधान और गवेषणा की हो) लिखता है कि "मुम्किन है कि तहरीर की कोई मामूली गलतीयां (अर्थात लिखने में गलती की हो तो हूँ लेकिन जो क़ुरआन उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने दुनिया के सामने प्रस्तुत किया था उस का मज़मून वही है जो मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) ने प्रस्तुत किया था। जबकि उस की तर्तीब अजीब है। यूरोपीयन उलमा की यह कोशिशें कि वह साबित करें कि क़ुरआन में बाद के ज़माना में भी कोई तबदीली हुई बिल्कुल नाकाम साबित हुई हैं।

उल-ग़र्ज़ यूरोपीयन लेखकों ने भी यह स्वीकार किया हैकि जहां तक क़ुरआन की ज़ाहिरी हिफ़ाज़त का प्रश्न है इस में किसी किस्म का संदेह नहीं किया जा सकता। बल्कि लफ़्ज़न लफ़्ज़न और हर्फ़न हर्फ़न यह वही पुस्तक है जो मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने लोगों को पढ़ कर सुनाई।"

(तफ़सीर कबीर भाग 8 पृष्ठ 421-422)

हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अव्वल रज़ियल्लाहु अन्हु वर्णन फ़रमाते हैं कि "लोग हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को क़ुरआन का जमा करने वाला बतलाते हैं। यह बात ग़लत है। सिर्फ उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के लफ़्ज़ के साथ क़ाफ़िया मिलाया है। हाँ क़ुरआन का प्रकाशन यदि कहें तो किसी हद तक सही है। आपकी ख़िलाफ़त के ज़माना में इस्लाम दूर दूर तक फैल गया था इस लिए आपने कुछ प्रतियाँ नक़ल करा कर मक्का, मदीना, शाम, बस्रा, कूफ़ा और बिलाद में भिजवा दीए थे और जमा तो अल्लाह तआला की पसंद की हुई तर्तीब के साथ नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लमही ने फ़रमाया था और इसी पसंदीदा तर्तीब के साथ हम तक पहुंचाया गया है। हाँ उस का पढ़ना और जमा करना हम सब के ज़िम्मे है।''

(हक़ायकुल फ़ुर्कान भाग 4 पृष्ठ 272)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु वर्णन फ़रमाते हैं कि "हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के ज़माना में कि जब बजाय इस के कि मक्का वाले मक्का में रहते, मदीना वाले मदीना में रहते, नजद वाले नजद में रहते, तायफ वाले तायफ में रहते, यमन वाले यमन में रहते और वे एक दूसरे की ज़बान और मुहावरात से अज्ञान होते। मदीना दार-उल-हकूमत बन गया तो समस्त कौमें एक हो गईं क्योंकि उस वक़्त मदीना वाले हाकिम थे जिनमें एक बड़ा तबक़ा मुहाजिरीन मक्का का था और स्वयं अहले मदीना भी अहले मक्का की सोहबत में हिजाज़ी अरबी सीख चुके थे। अत: चूँकि क़ानून का नफ़ाज़ उनकी और से होता था। माल उनके क़बज़ा में था "अर्थात हुकूमत उनके पास थी।" और दुनिया की निगाहें उन्ही की तरफ़ उठती हैं। उस वक़्त तायफ के भी और नजद के भी और मक्का के भी और यमन के भी और दूसरे इलाक़ों के भी अक्सर लोग मदीना में आते-जाते थे और मदीना के मुहाजिर अंसार

से मिलते और दीन सीखते थे और इसी तरह सब मुल्कों की इलमी ज़बान एक होती जाती थी। फिर कुछ उन लोगों में से मदीना में ही आ कर बस गए थे। उनकी ज़बान तो मानों बिल्कुल ही हिजाज़ी हो गई थी। यह लोग जब अपने वतनों को जाते होंगे तो चूँकि यह उल्मा और उस्ताद होते थे वास्तव में उन के इलाक़ा पर उनके जाने की वजह से भी ज़रूर असर पड़ता था। इसके अतिरिक्त जंगों की वजह से अरब के मुख़्तलिफ़ क़बायल को इकट्ठा रहने का अवसर मिलता था और अफ़्सर चूँकि बड़े सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हु होते थे उनकी सोहबत और उनकी नक़ल की तिब्बी ख़ाहिश भी ज़बान में एक रूप पैदा करती थी। अत: जबकि शुरू में तो लोगों को क़ुरआन-ए-करीम की भाषा समझने में दिक्कतें प्रस्तुत आती होंगी परन्तु मदीना के दार-उल-हकूमत बनने के बाद जब समस्त अरब का मर्कज़ मदीना मुनव्वरा बन गया और क़बायल और अक़्वाम ने बार-बार वहां आना शुरू कर दिया तो फिर उस इख़्तिलाफ़ का कोई इमकान नहीं रहा। क्योंकि उस वक़्त समस्त इलमी स्वभाव के लोग क़ुरआन की भाषा से पूरी तरह वाक़िफ़ हो चुके थे। इस लिए जब लोग अच्छी तरह वाक़िफ़ हो गए तो हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने हुक्म दिया कि आगे केवल हिजाज़ी किरात पढ़ी जाए। और कोई किरात पढ़ने की आज्ञा नहीं। आप रज़ियल्लाहु अन्हु के इस हुक्म का मतलब यही था कि अब लोग हिजाज़ी भाषा को आम तौर पर जानने लग गए हैं इस लिए कोई वजह नहीं कि उन्हें हिजाज़ी अरबी के शब्द का बदल इस्तिमाल करने की आज्ञा दी जाए।

